# अब के नवरात्रो में माँ मैं भी तेरे दर पे आऊं

अब के नवरात्रो में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं,
मैं भी तेरे दर पे आऊं,
तेरी पावन ज्योत जगाऊँ,
अब के नवरात्रों में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं।bd।

तर्ज – तेरे दर को मै छोड़ कहाँ जाऊँ।

---

मेरी अर्ज सुनो महारानी,
माँ तू है जग कल्याणी,
देवों ने यश है गाया,
तेरी महिमा वेद बखानी,
तेरी किरपा हो जाए माँ,
पौड़ी पौड़ी चलकर आऊं,
अब के नवरात्रों में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं।bd।

---

राजा अकबर भी मैया,
था नंगे पैरो आया,
तूने शीश झुकाकर उसका,
ध्यानु का मान बढ़ाया,
करके तेरी भक्ति माँ,
मैं भी ध्यानु सा यश पाऊं,
अब के नवरात्रों में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं।bd।

---

इस बार के नवराते में,
माँ सुनले मेरी अर्जी,
करता है विनती 'कुंदन',
आगे माँ तेरी मर्जी,
अगले नवरातों में माँ,
मैं परिवार के संग में आऊं,
**Bhajan Diary Lyrics,**
अब के नवरात्रों में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब के नवरात्रो में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं,
मैं भी तेरे दर पे आऊं,
तेरी पावन ज्योत जगाऊँ,
अब के नवरात्रों में माँ,
मैं भी तेरे दर पे आऊं।bd।

**Singer – Anjana Arya**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com